तुलसा बिहाने आए

रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

बाजे बाजाते आए बाजाते आए,
बाजे ढोल मृदंग, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

गहनों सुनहरी लाए सुनहरी लाए,
तगड़ी लाए ठप्पे दार, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

लहंगा जरी को लाए जरी को लाए,
चुनरी लाए गोटेदार, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

तुलसा की पड़ रही भम्मरिया के पड़ रही भम्मरिया,
पंडित पढ़ रहे वेद मंत्र, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

तुलसा की हो रही विदाई के हो रही विदाई,
सखियों के नैनो नीर, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

तुलसा डोली में बैठी डोली में बैठी,
मैया खाए हैं पछाड़, तुलसा बिहाने आए,
रथ पर बैठे शालिग्राम तुलसा बिहाने आए....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32039/title/tulsa-bihane-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |